# ध्येय पथ

## अक्टूबर 2024

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, गोरखपुर
जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

## मासिक ई-पत्रिका




सम्पादक

श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ला

श्री अभिनव त्रिपाठी


# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

## जंगल धूसड़, गोरखपुर



**डॉ. एनी बेसेन्ट जयन्ती** – 01 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'डॉ0 एनी बेसेन्ट जयन्ती' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता शर्मा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित किया।



**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 01 अक्टूबर को रोवर्स/रेंजर्स के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत 'स्वच्छ भारत, हरित भारत एवं स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।



**इंटर्नशिप समापन कार्यक्रम** – 01 अक्टूबर को बी0एड्0 विभाग द्वारा आयोजित इंटर्नशिप प्रोग्राम के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी0एड्0 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा इंटर्नशिप समापन कार्यक्रम के अवसर पर कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य श्री संदीप कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को इंटर्नशिप प्रोग्राम के सफल एवं कुशल संचालन हेतु बधाई दी।

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती –




02 अक्टूबर को 'राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयन्ती' के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग के पूर्व आचार्य प्रो0 धर्मव्रत तिवारी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।

## प्राचार्य शिक्षक बैठक –




02 अक्टूबर को प्राचार्य शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दायित्वसह कार्य विभाजन के अन्तर्गत सभी विभागों ने अपने–अपने विभागीय उद्देश्यों, नवाचारों और क्रियान्वयन को पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव के द्वारा सभी विभागों की समीक्षा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## आरिएंटेशन प्रोग्राम –




03 अक्टूबर को बी0एड्0 विभाग के तत्वावधान में बी0एड्0 प्रथम सेमेस्टर के नव–आगंतुक विद्यार्थियों के लिए 'आरिएंटेशन प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी0एड्0 विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 03 अक्टूबर को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 शालू श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 05 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में 'वाणिज्यिक विकास में शोध प्रविधि का आधुनिक स्वरूप' विषयक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय मध्य विद्यालय, भोरे, गोपालगंज, बिहार के आचार्य श्री अभिषेक कुमार त्रिपाठी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती श्वेता ने किया।




**विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता** – 05 अक्टूबर को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर से सुश्री अंशिका सिंह ने प्रथम स्थान, सुश्री रंजना साहनी ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर से सुश्री दीपा गोड ने प्रथम स्थान, सुश्री शीतल सहानी ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री सपना सहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बी0एस–सी0 पंचम सेमेस्टर से सुश्री पल्लवी मिश्रा ने प्रथम स्थान, सुश्री आकांक्षा शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा सुश्री आयशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।



**विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता** – 05 अक्टूबर को प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी श्री अश्वनी पटेल को प्रथम स्थान, सुश्री नंदनी को द्वितीय स्थान तथा सुश्री अंशिका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 रघुवीर नारायण सिंह ने किया।




**कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता** – 05 अक्टूबर को कम्प्यूटर विभाग के द्वारा 'कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रुप सप्तम् को प्रथम स्थान तथा ग्रुप तृतीय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।



**नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम** – 06 अक्टूबर को मनोविज्ञान विभाग द्वारा अभिगृहित ग्राम–छोटी जमुनहिया में 'नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशा के दुष्प्रभाव और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न नशा मुक्ति सम्बन्धित योजनाओं से ग्रामीणों को जागरूक कराया गया।




**छात्र संघ कार्यकारिणी बैठक** – 06 अक्टूबर को छात्र संघ कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छात्र संघ के संरक्षक प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने छात्र संघ का महाविद्यालय के प्रबन्धन व प्रशासन में योगदान की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं पर चर्चा की। छात्र संघ प्रभारी श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने विभिन्न समितियों का गठन कर कक्षा प्रतिनिधियों को कार्यभार सौंपा।






**छात्र संघ साधारण सभा** – 07 अक्टूबर को छात्र संघ के तत्वावधान में 'साधारण सभा' का आयोजन किया गया। साधारण सभा में छात्र संघ के संरक्षक प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने समस्त सभा के समस्याओं एवं सुझावों को सुना तथा त्वरित निस्तारण किया। कार्यक्रम का संयोजन छात्र संघ प्रभारी श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया।




**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 07 अक्टूबर को अंग्रेजी विभाग के द्वारा 'विक्टोरियन युग का साहित्य' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय कुमार शुक्ल ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।

**विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम** – 07 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'साइबर सुरक्षा जागरूकता' विषयक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग के सहायक आचार्य श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।



**वायु सेना दिवस और प्रेमचंद स्मृति दिवस** – 08 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'वायु सेना दिवस और प्रेमचंद स्मृति दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ० सुधा शुक्ला ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए मुंशी प्रेमचन्द को महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।



**भूगोल प्रदर्शनी** – 08 अक्टूबर को भूगोल विभाग के तत्वावधान में 'भूगोल प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सौरमंडल ग्रुप के प्रदर्शनी को प्रथम स्थान, रिमोट सेंसिंग ग्रुप के प्रदर्शनी को द्वितीय स्थान तथा जल प्रदूषण एवं चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण ग्रुप के प्रदर्शनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ० शालू श्रीवास्तव ने किया।




**शोध व्याख्यान प्रतियोगिता** – 08 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग के द्वारा स्नातक स्तर पर 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी०काम० प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री तमन्ना कुमारी गोड़ ने प्रथम स्थान, बी०काम० तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री दीपक यादव को द्वितीय स्थान तथा श्री नितिन शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।



## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता –



08 अक्टूबर को रसायन विज्ञान विभाग के द्वारा स्नातक स्तर पर 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिता सिंह एवं मानसी कन्नौजिया को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, सुश्री सुभी को द्वितीय स्थान तथा सुश्री सुहानी प्रजापति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रामसहाय ने किया।

## पंच प्रण शपथ ग्रहण कार्यक्रम –




09 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 'पंच प्रण शपथ ग्रहण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 आरती सिंह ने उद्बोधन देते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पांच प्रण के संकल्प का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।

## यातायात जागरूकता रैली –




16 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'यातायात जागरूकता पखवाड़ा' के अन्तर्गत यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।




**महर्षि वाल्मिकी जयंती** – 17 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'महर्षि वाल्मिकी जयन्ती' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अर्चिता राय ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शोध व्याख्यान प्रतियोगिता** –




18 अक्टूबर को वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर से सुश्री नंदनी को प्रथम स्थान, सुश्री अंशिका सिंह को द्वितीय स्थान तथा श्री आशुतोष चौबे एवं श्री अश्वनी पटेल को संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर से सुश्री रुबी सिंह को प्रथम स्थान, सुश्री दीपा गौंड को द्वितीय स्थान तथा सुश्री रिंकी भारती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर से सुश्री आकांक्षा शर्मा को प्रथम स्थान, सुश्री स्नेहिल सिंह को द्वितीय स्थान तथा सुश्री आयशा एवं श्री आयुश कन्नौजिया को संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

**स्वामी महावीर परिनिर्वाण दिवस** –



19 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'स्वामी महावीर परिनिर्वाण दिवस' के अवसर पर वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए स्वामी महावीर के व्यक्तित्व, कृतित्व और सामाजिक पुनरूत्थान में योगदान को प्रकाशित करते हुए महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति में हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम –




19 अक्टूबर को 'साप्ताहिक योगाभ्यास' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने ध्यान विधि के द्वारा प्राण वायु के नियन्त्रण के तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया।

## आजाद हिन्द फौज स्थापना दिवस –




21 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'आजाद हिन्द फौज स्थापना दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में रसायन विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती दिव्या दूबे ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए आजाद हिन्द फौज के स्थापना के उद्देश्यों और योगदान पर प्रकाश डाला।

## उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता –




21 अक्टूबर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत 'उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता' (स्वरचित) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शालू मिश्रा ने प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री निमिष सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री मधुलिका चौबे एवं बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री आदर्श कुमार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री अनूप कुमार पाण्डेय ने किया।

## अशफ़ाक उल्ला खां जयन्ती –

22 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'अशफाक उल्ला खां जयन्ती' के अवसर पर बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सलमा ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए अशफ़ाक उल्ला खां के जीवन चरित्र व योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।




## संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस–

24 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बी.काम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नेहा प्रजापति ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।




## शारीरिक स्वावलम्बन 'जिम'–

25 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'मिशन शक्ति (फेज 05)' के अन्तर्गत 'शारीरिक स्वावलम्बन (जिम)' विषय पर योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए नियमित व्यायाम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।



## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता–




25 अक्टूबर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत 'भारत में शिक्षा की स्थिति और सुधार की दिशा' विषयक हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर का छात्राध्यापक श्री शिवम जायसवाल को प्रथम स्थान एवं श्री अभिजीत चतुर्वेदी को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री अखिल कुमार व छात्रा सुश्री श्वेता को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## व्यापार मेला–



26 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में दिपावली के पावन पर्व के अन्तर्गत 'व्यापार मेला' का आयोजन किया गया। व्यापार मेला का उद्घाटन बी.एड्. विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। मेला में विभाग का अभिगृहीत ग्राम तिनकोनिया नं0 2 में 'स्वावलम्बी ग्राम योजना' के अन्तर्गत ग्रामीणों द्वारा स्वनिर्मित मिट्टी का दीया, खिलौना व मूर्ति को शिल्प कला स्टाल पर प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में टेराकोटा, धूप और अगरबत्ती, चाय, भेलपूरी, पानीपूरी, स्टार कैण्डी सहित 2 कम्पनियों के स्टाल को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता–




26 अक्टूबर को मनोविज्ञान विभाग के द्वारा 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दीपा गौंड़ ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री गरिमा यादव ने द्वितीय स्थान तथा बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सलोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने किया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता–

26 अक्टूबर को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की विद्यार्थी सुश्री अर्शिया फातिमा को प्रथम स्थान, श्री सूरज दीक्षित को द्वितीय स्थान तथा सुश्री प्रियंका गुप्ता को तृतीय दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने किया।




## दीया बनाओ, दीया सजाओ कार्यक्रम –

26 अक्टूबर को बी.एड्. विभाग के ग्रामीण योजना 'मिशन मंझरिया' के अन्तर्गत मंझरिया ग्राम में विभिन्न शिक्षण केन्द्रों पर बी.एड. के छात्राध्यापकों द्वारा दीपावली त्योहार के अवसर पर दो दिवसीय 'दीया बनाओ, दीया सजाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विद्यार्थियों एवं महिलाओं के उत्साहपूर्ण प्रतिभाग करके दीप निर्माण की प्रक्रिया को सीखा।




## साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान –

28 अक्टूबर को कम्प्यूटर विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती अर्पिता सिंह ने भारत सरकार द्वारा संचालित 31 दिवसीय साइबर जागरूकता सूची को बताया जिससे हम सभी साइबर क्राईम एवं इंटरनेट के दुरूपयोग से बच सकें। कार्यक्रम का संयोजन श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम –

28 अक्टूबर को समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'भारतीय समाज और मार्क्स एक समाजशास्त्रीय विमर्श' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता जे.बी. महाजन डिग्री कॉलेज, चौरी–चौरा, गोरखपुर के सहायक आचार्य डॉ. आशुतोष तिवारी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।




## भाषण प्रतियोगिता –

28 अक्टूबर को अंग्रेजी विभाग के द्वारा 'दिवाली द फेस्टिवल ऑफ लाइट्स एण्ड इट्स सिग्निफिकेंस इन हिन्दू कल्चर' विषय पर अग्रेंजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंजली दूबे को प्रथम स्थान, बी0.ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या दूबे को द्वितीय स्थान तथा बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।



## योगासन प्रतियोगिता –




28 अक्टूबर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत 'योगासन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सूर्य नमस्कार, हलासन, गोरक्षासन एवं वृक्षासन आदि आसनों को प्रतियोगिता का आधार बनाया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अमृता सिंह को प्रथम स्थान, बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नन्दनी को और बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सत्या गुप्ता को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रूबी चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री अरविन्द कुमार मौर्य ने किया।

# समाचार पत्रों में प्रकाशित महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम

गोरखपुर। मंगलवार • 8 अक्टूबर • 2024 राष्ट्रीय सहारा

## छात्रसंघ की महाविद्यालय की व्यवस्था में सहभागिता हो सुनिश्चितः डा. प्रदीप

**■ एमपीपीजी कालेज में छात्रसंघ की साधारण सभा आयोजित**

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ द्वारा साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र संघ संरक्षक डा. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि छात्रसंघ समितियों की महाविद्यालय की व्यवस्था में सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिये।

उन्होंने छात्रसंघ की सभी समस्याओं एवं सुझावों को सुना और उनका त्वरित निस्तारण करते हुए उनका समाधान बताया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पटन पाठन एवं महाविद्यालय गतिविधियों से संबंधित सुझाव, समस्या, प्रश्न और संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अपना विचार प्रस्तुत किया। सभा में आम समिति से सभी मुद्दों क्रमशः पठन पाठन, अनुशासन,साफ -सफाई, पुस्तकालय, छात्रा कल्याण, गणवेष आदि विषयों पर विचार कर उनका समाधान किया गया।

इस अवसर पर छात्र संघ प्रभारी अनूप कुमार पाण्डेय, छात्र संघ सह प्रभारी डा. सलील कुमार पाण्डेय छात्रसंघ अध्यक्ष वंशदीप राय, महामंत्री सुश्री प्रियंका गुप्ता, पुस्तकालय मंत्री सुमित चौरसिया एवं सभी कक्षाओं के कक्षा प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अंग्रेजी विभाग द्वारा विक्टोरियन युग का साहित्य विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसे प्रो. अजय शुक्ल, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गोविवि. ने संबोधित करते हुए साहित्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि इस युग का साहित्य यथार्थवाद, नैतिकता और समाज के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित था।

amarujala.com 8
गोरखपुर | मंगलवार, 8 अक्तूबर 2024
अमर उजाला गोरखपुर युवा

## महाविद्यालय की व्यवस्था में हो छात्रसंघ समितियों की सहभागिता : डॉ. प्रदीप

### महाराणा प्रताप महाविद्यालय ज़ंगल धूसड़ में छात्रसंघ की साधारण सभा का हुआ आयोजन




महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के छात्र संघ द्वारा आयोजित साधारण सभा में बोलते महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र संघ संरक्षक डॉ.प्रदीप कुमार राव। स्रोत-एमपीपीजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में छात्रसंघ की ओर से साधारण सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र संघ संरक्षक डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि छात्रसंघ समितियों का महाविद्यालय की व्यवस्था में सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पठन-पाठन एवं महाविद्यालय गतिविधियों से संबंधित सुझाव, समस्या, प्रश्न और संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अपना विचार प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राव ने सभी समस्याओं एवं सुझावों को सुना और उनका त्वरित निस्तारण करते हुए उनका समाधान बताया। सभा में आम समिति से सभी मुद्दों क्रमशः पठन-पाठन, अनुशासन, साफ-सफाई, पुस्तकालय, छात्रा कल्याण आदि विषयों पर विचार कर उनका समाधान किया गया। कार्यक्रम में छात्रसंघ प्रभारी अनूप कुमार पांडेय, छात्रसंघ सह प्रभारी डॉ. सलील कुमार पांडेय, छात्रसंघ अध्यक्ष वंशदीप राय, महामंत्री प्रियंका गुप्ता, पुस्तकालय मंत्री सुमित चौरसिया एवं सभी कक्षाओं के कक्षा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### *विक्टोरियन युग के साहित्य आज भी प्रेरणादायक और प्रासंगिकः प्रो. अजय*

*गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के अंग्रेजी विभाग की ओर से सोमवार को "विक्टोरियन युग का साहित्य" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने व्याख्यान की शुरुआत विक्टोरियन युग (1837-1901) के समय-काल और उस समय के प्रमुख सामाजिक, राजनीतिक और औद्योगिक परिवर्तनों से की। उन्होंने बताया कि यह युग औद्योगिक क्रांति, वैज्ञानिक प्रगति और उपनिवेशवाद के कारण गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक बदलावों का साक्षी बना। विक्टोरियन साहित्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस युग का साहित्य यथार्थवाद, नैतिकता और समाज के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित था। कार्यक्रम का संचालन बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा श्वेता शर्मा ने व संयोजन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष शिवानी सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संवाद*

गोरखपुर
मंगलवार
8 अक्तूबर 2024
07

# छात्र संघ समितियों की सहभागिता जरूरी

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में छात्र संघ द्वारा सोमवार को साधारण सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पठन-पाठन एवं कॉलेज गतिविधियों से संबंधित सुझाव, समस्या, प्रश्न और संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अपना विचार प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार राव ने सभी समस्याओं एवं सुझावों को सुना और उनका त्वरित निस्तारण करते हुए उनका समाधान बताया। सभा में आम समिति से सभी मुद्दों अनुशासन, साफ-सफाई, पुस्तकालय, छात्रा कल्याण, गणवेष आदि विषयों पर विचार कर उनका समाधान किया गया।

# व्यापार मेले के आयोजन में विद्यार्थियों ने मनाया दीपावली मेला



गोरखपुर।(स्पष्ट आवाज)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ गोरखपुर के वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में व्यापार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएड विभाग अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने किया। व्यापार मेला में विभाग के अधिग्रहित ग्राम तिनकोनिया नं 2 में स्वावलंबी ग्राम योजना के अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा स्वनिर्मित मिट्टी के विभिन्न उत्पाद जिसमें दीये खिलौने के सेट गुल्लक कोसी घंटी मूर्ति आदि का शिल्प कला स्टॉल पर विक्रय हेतु प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में विश्व प्रसिद्ध टेराकोटा रेणुका धूप और अगरबत्ती स्वनिर्मित इलेक्ट्रिक लाइट क्लासिक क्राफ्ट क्रिएशन स्टॉल पर स्वनिर्मित झालर तोड़न व सजावट की वस्तुएं चाय भेलपुरी पानीपुरी सूगर कैंडी सहित स्काई कमोडिटीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जो एक पूर्ण सेवा ब्रोकरेज कंपनी के रूप में कार्य करती है। जिसकी शुरुआत नवीनतम तकनीक और सर्वोत्तम सेवा प्रदान करके सफल ट्रेडर बनाने के लिए सेवा प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त कोड फोर यूटेक डाट काम जो सॉफ्टवेयर विकास और तकनीकी परामर्श फॉर्म है जो आधुनिक प्रौद्योगिकी संसाधनों के माध्यम से व्यवसाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है और व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के अनुकूलित सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रदान करता है।उपरोक्त दोनों कंपनियों के उत्पादन एवं सेवाओं को भी मेले में प्रदर्शित किया गया। व्यापार मेला में कुल 10 स्थानों पर वाणिज्य विभाग के 60 विद्यार्थियों ने स्टॉल प्रबंधन निर्णयन नियंत्रण टीमवर्क समन्वयन ग्राहक संतुष्टि आदि कौशलों को सिखने में प्रतिभाग किया। एक स्टॉल पर पांच विद्यार्थियों की कार्यकारिणी ने स्टॉल संचालन मे प्रतिभाग किया।जिसमें स्टाल प्रबंधक लेखाकार विक्रय कार्यकारी उपभोक्ता प्रबंधन तथा समस्या समाधान कार्यकारी के रूप में समस्त स्टॉल के विद्यार्थियों ने व्यापार मेला का संचालन किया। व्यापार मेला के दौरान विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में मेला में भाग लिया इसके साथ ही शिक्षकों कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मेला में वृहद रूप से वस्तुओं का क्रय किया। व्यापार मेला का संयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य सिद्धार्थ शुक्ला ने किया।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने मनाया दीवाली मेला



जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में व्यापार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएड विभाग अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। व्यापार मेला में विभाग के अधिग्रहित ग्राम तिनकोनिया नंबर- 2 में स्वावलंबी ग्राम योजना के अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा स्वनिर्मित मिट्टी के विभिन्न उत्पाद रहे।

जिसमें दीये, खिलौने के सेट, गुल्लक, कोसी-घंटी, मूर्ति आदि का शिल्प कला स्टॉल पर विक्रय हेतु प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में विश्व प्रसिद्ध टेराकोटा रेणुका धूप,अगरबत्ती, स्वनिर्मित इलेक्ट्रिक लाइट, क्लासिक क्राफ्ट क्रिएशन स्टॉल पर स्वनिर्मित झालर तोड़न व सजावट की वस्तुएं, चाय, भेलपुरी, पानीपुरी, सुगर कैंडी सहित स्काई कमोडिटीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो एक पूर्ण सेवा ब्रोकरेज कंपनी के रूप में कार्य करती है। जिसकी शुरुआत नवीनतम तकनीक और सर्वोत्तम सेवा प्रदान करके सफल ट्रेडर बनाने के लिए सेवा प्रदान करना है। इसके अतिरिक codeyutech.com जो सॉफ्टवेयर विकास और तकनीकी परामर्श फॉर्म है। जो आधुनिक प्रौद्योगिकी संसाधनों के माध्यम से व्यवसाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के अनुकूलित सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रदान करता है। उपरोक्त दोनों कंपनियों के उत्पादन एवं सेवाओं को भी मेले में प्रदर्शित किया गया। व्यापार मेला में कुल 10 स्थानों पर वाणिज्य विभाग के 60 विद्यार्थियों ने स्टॉल प्रबंधन, निर्णयन नियंत्रण, टीमवर्क, समन्वयन, ग्राहक संतुष्टि आदि कौशलों को सिखने में प्रतिभाग किया। एक स्टॉल पर पांच विद्यार्थियों की कार्यकारिणी ने स्टॉल संचालन मे प्रतिभाग किया। जिसमें स्टाल प्रबंधक,लेखाकार, विक्रय कार्यकारी, उपभोक्ता प्रबंधन तथा समस्या समाधान कार्यकारी के रूप में समस्त स्टॉल के विद्यार्थियों ने व्यापार मेला का संचालन किया। व्यापार मेला के दौरान विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में मेला में भाग लिया। इसके साथ ही शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मेला में वृहद रूप से वस्तुओं का क्रय किया। व्यापार मेला का संयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य सिद्धार्थ शुक्ला ने किया।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, मंगलवार, 29 अक्तूबर 2024 06

# संतुलन व समन्वय है भारत की दृष्टि : डॉ आशुतोष

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'भारतीय समाज और मार्क्स एक समाजशास्त्रीय विमर्श' विषय पर सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जेबी महाजन डिग्री कॉलेज चौरीचौरा के डॉ. आशुतोष तिवारी ने कहा कि भारत की सदियों से चली आ रही लंबी और सतत सभ्यताएं, इसे एक अद्वितीय समाज बनाती हैं। मार्क्सवाद की भारतीय जनता के बीच स्वीकार्यता बरकरार न रख पाने की बड़ी वजह यही है कि उन्होंने समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और समता मूलक दृष्टि के बीच संतुलन की अनदेखी की। संयोजन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय व संचालन रितेंद्र नाथ पांडेय ने किया।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक–आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज में पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र के एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अक्टूबर माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

## जंगल धूसड़, गोरखपुर